# संवाद पत्र

## पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक 45 वर्ष : द्वादश त्रैमासिक जनवरी, 2018

## महाप्रबंधक/निर्माण का नव वर्ष संदेश



प्रिय साथियों,

नव वर्ष 2018 के इस शुभ अवसर पर मैं पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ । ईश्वर से यह भी प्रार्थना करता हूँ कि पिछले वर्ष की तरह यह नया वर्ष भी रेलकर्मियों तथा रेल परिवारों के लिए सुखमय एवं मंगलमय हो और हम सभी अपने निजी एवं विभागीय कार्यों में ज्यादा से ज्यादा प्रगति करें ।

यह बहुत खुशी की बात है कि निर्माण संगठन ने वर्ष 2017 में अपने सभी कार्यक्षेत्रों में शानदार प्रगति की है और सभी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है । मुझे विश्वास है कि हमारा संगठन इस वर्ष भी सभी परियोजनाओं को समय पर और सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रयास करेगा । मुझे यह भी आशा है कि हमारे सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने विभागीय कार्यक्षेत्रों में तत्परता और दृढ़ संकल्प से कार्य करते हुए अपने सभी कार्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करेंगे ।

आप जानते हैं कि पूर्वोत्तर राज्यों में चल रही विभिन्न राष्ट्रीय परियोजनाओं और उनसे संबंधित गतिविधियों की प्रगति के बारे में नियमित रूप से पिछले 11 वर्षों से संवाद पत्र के माध्यम से भी जानकारी दी जाती रही है । संवाद पत्र का मुख्य उद्देश्य संगठन के विभिन्न कार्यक्षेत्रों और उनकी प्रगति का समय समय पर लेखा जोखा प्रस्तुत करना है । इसके साथ-साथ निर्माण संगठन मुख्यालय एवं इसकी फील्ड यूनिटों में राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना भी इसका उद्देश्य रहा है ।

आइए, इस नव वर्ष में हम सब अपने सरकारी और पारिवारिक कार्यों को निष्ठांपूर्वक एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पूरा करने का संकल्प लें ।

मैं पुन: निर्माण संगठन और आप सभी की समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना करता हूँ ।

जय हिंद !

(एन.के. प्रसाद)
महाप्रबंधक/निर्माण

## जिरिबाम-इम्फाल नई लाइन परियोजना के सबसे लम्बे सुरंग सं.12 का निर्माण कार्य प्रारंभ



तुपुल-इम्फाल नई रेलवे लाइन के सुरंग सं. 12 के पोर्टल 2 में निर्माण कार्य औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। 19 दिसंबर 2017 को इम्फाल वेस्ट जिला के एटोम खुमान, हाउरेंग कैरेल में श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आनंद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि/2, पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल के अन्य वरिष्ठ इंजीनियरों की उपस्थिति में खनन कार्य प्रारंभ किया गया । महाप्रबंधक/निर्माण ने इम्फाल-तुपुल नई रेल लाइन सेक्शंन के विभिन्न कार्यस्थालों का निरीक्षण किया । तुपुल-इम्फाल सेक्शन रेलवे लाइन का सुरंग सं. 12 इस सेक्शन का सबसे लम्बे सुरंग है जिसकी लम्बाई 10.28 कि.मी. है । इसके एक 9.3 कि.मी. लम्बे निकास सुरंग (Escape tunnel) भी है। इसके अतिरिक्त इस सुरंग में दो एडिट्स हैं, एडिट-1 एवं एडिट-1 ए । एडिट-1 की लम्बाई 1.25 कि.मी. तथा एडिट-1 ए की लम्बाई 1.4 कि.मी. है । निर्माण कार्यो की शिघ्र निपटान के लिए इन्हें नियोजित किया गया है। कार्य समापान के पश्चात ये आपतकालीन परिस्थितियों में सहायक सिद्ध होंगे । सुरंग सं. 12 के समान्ताराल में एक 9300 मीटर लम्बे निकास या सुरक्षा सुरंग का निर्माण किया जाएगा । मुख्य सुरंग तथा सुरक्षा सुरंग एक दुसरे से 50 मीटर की दूरी पर प्रत्येक 500 मीटर में एक क्रस पासेज (cross passage) से जुड़ा हुआ है। आपतकलीन परिस्थितियों में यात्रियों की सुरक्षा हेतु यह सुरक्षा सुरंग अंतर्राष्ट्रीय मार्गदर्शन जैसे यू आई सी (International Union of Railways) तथा टीएसआई/एसआरटी (Safety in Railway Tunnels - European Railway Agency) के अनुसार निर्माण किया गया है। इस सुरंग के सभी कार्यस्थलों में निर्माण तीव्र गति से चल रहा है।

*संरक्षक*
श्री एन.के.प्रसाद
महाप्रबंधक/निर्माण

*मुख्य संपादक*
श्री अजय कुमार
मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

*संपादक*
श्री रवि भूषण
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि.

*सहयोग*
श्रीमती मुन मुन शर्मा
राजभाषा अधिकारी/नि.

# जागीरोड, होजाई तथा लंका में सड़क ऊपरी पुलों का शिलान्यास




श्री राजेन गोहांई, केंद्रीय रेल राज्यमंत्री ने जागीरोड में दिनांक 10.12.2017 को श्री पियुष हजारिका , विधायक जागीरोड तथा श्री पवन मान्ता, टिवा स्वायित्तशासित परिषद के सीईओ की उपस्थिति में एक बहु प्रतिक्षित सड़क ऊपरी पुल का शिलान्यास किया। यह आर.ओ.बी. जागीरोड में समपार फाटक सं.27 में निर्माण किया जाएगा जो दो लेनों का होगा और दोनों ओर 'फूट वे' (foot way) के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग तथा मोरीगांव को जोड़ेगा। इस आर.ओ.बी. के निर्माण में लगभग 45 करोड़ रूपए की लगत होगी । तद्पश्चात दिनांक 11.12.2017 को श्री राजेन गोहांई, केंद्रीय रेल राज्यमंत्री ने श्री रूपक शर्मा, विधायक नगांव, श्री शिलादित्य देव, विधायक होजाई तथा श्री शिवु मिश्रा, विधायक लामडिंग की उपस्थिति में होजाई तथा लंका में दो आर.ओ.बी. का शिलान्यास किया । इस शिलान्यास के साथ ही इस क्षेत्र के लोगों की बहु प्रतिक्षित मांग पूरी होगी तथा यातायात संचलन में भी सुधार होगी।

# "राष्ट्रीय एकता दिवस" समारोह




दिनांक 31.10.2017 को महाप्रबंधक/मालीगांव कार्यालय में देश की एकता, अखंडता तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय एकता दिवस" के उपलक्ष्य में एक रन फोर यूनिटी एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई ।

# भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 61वां महापरिनिर्वाण दिवस समारोह



भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 61 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 06 दिसम्बर, 2017 को पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन मुख्यालय के मुख्य भवन के प्रांगण में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर निर्माण संगठन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया ।

# पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के कार्मिक विभाग की उपलब्धियॉं



1. पूर्वोत्तर सीमा रेल/निमाण संगठन में दिनांक 08.01.2018 को श्री एन.के. प्रसाद, महप्रबंधक/निर्माण द्वारा सी.सी.टी.वी. निगरानी के साथ साथ आधार सक्षम बायॉमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का शुभारंभ किया गया ।
2. वर्ष 2017 के दौरान एम.ए.सी.पी. प्रणाली के अंतर्गत पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन के 52 में से 52 कर्मचारी लाभांवित हुए ।
3. निर्णय लिया गया है कि जनवरी 2018 से निर्माण संगठन के सभी विभागों के कर्मचारियों में से किसी एक या दो कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य निष्पांदन के लिए 'Man of the month' पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।
4. वर्ष 2017 के दौरान 88 में से 86 सामान्य सेवानिवृत्ति तथा 50 में 50 ओ.एन.आर. अंतिम निप्टान के मामले पूरा कर लिया गया ।

## मिजोरम के मुख्यमंत्री के साथ महाप्रबंधक/निर्माण का बैठक



महाप्रबंधक/निर्माण द्वारा दिनांक 21.11.2017 को मिजोरम के मुख्यमंत्री के साथ बैठक के दौरान संबंधित राज्यो में चालू परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई ।

## "संविधान दिवस" पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह



दिनांक 27.11.2017 को "संविधान दिवस" के अवसर पर महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगांव कार्यालय परिसर में सभी नागरिकों के बीच न्याय, स्वाधीनता, समानता एवं आपसी भाईचारे एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए शपथ लिया गया ।

## पिछले तिमाही के कुछ संक्षिप्त समाचार

* दिनांक 18.10.2017, 14.11.2017 एवं 30.11.2017 को क्रमश: बोगीबिल पुल के 38वें, 39वें एवं 40वें अंतिम मुख्य गर्डर को लांच किया गया। इसके साथ ही 41 अदद गर्डरों में से कुल 40 अदद गर्डरों को पूरा कर लिया गया है। दिसंबर,17 तक अंतिम गर्डर (एंड स्पैन) को पूरा करने की योजना है ।

* दिनांक 16.11.2017 को करीमगंज बाईपास के लिए सीआरएस प्राधिकार प्राप्त कर लिया गया। दिनांक 25.11.2017 को लमडिंग-सिलचर आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत करीमगंज बाईपास (3.5 कि.मी.) का यात्री गाड़ी (राजधानी एक्सप्रेस) चलाकर शुभारंभ किया गया ।

* महाप्रबंधक/निर्माण द्वारा दिनांक 06.11.2017 को असम के मुख्यमंत्री, दिनांक 21.11.2017 को मिजोरम के मुख्यमंत्री एवं दिनांक 30.11.2017 को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित राज्यों में चालू परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई ।

* 30 अक्टूबर से 4 नवंबर,17 तक महाप्रबंधक/निर्माण/मालीगांव कार्यालय में "मेरा विजन-भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2017 मनाया गया ।

* दिनांक 08.12.2017 को गौरीपुर-आलमगंज (11.50 कि.मी.) सेक्शन का सीआरएस निरीक्षण पूरा किया गया और दिनांक 12.12.2017 को 90 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार के लिए प्राधिकार प्राप्त किया गया ।

* दिनांक 16.12.2017 को नई दिल्ली में विजन न्यू रेलवे-न्यू इंडिया 2022 पर 'संपर्क समन्वयम संवाद' शीर्षक निर्वाचिका पर आयोजित संगोष्ठी में श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण उपस्थित रहे ।

* श्री एन.के.प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण ने दिनांक 18.12.2018 को मणिपुर के मुख्यमंत्री के साथ बैठक की । बैठक में जिरिबाम-तुपुल-इंफाल परियोजना की प्रगति और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की



# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

श्री चाहते राम, महाप्रबंधक/निर्माण महोदय की अध्यिक्षता में पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) की 'जुलाई-सितंबर' तिमाही के लिए क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक ओपन लाइन के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 31.10.2017 को 16.00 बजे पूर्वोत्तर सीमा रेल, मुख्यालय, मालीगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का संचालन श्री लक्ष्मण शिवहरे, उप महाप्रबंधक (राजभाषा)/पूर्वोत्तर सीमा रेल ने किया ।

संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का शुभारंभ श्री राजेन्द्र कुमार सौंध, मुख्य राजभाषा अधिकारी, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए किया । निर्माण संगठन की और से श्री रवि भूषण, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण एवं उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण ने सितंबर, 2017 को समाप्त तिमाही के लिए निर्माण संगठन में हिंदी की प्रगति से संबंधित मदों जैसे राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का अनुपालन, पिछली क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्रवाई, हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर, हिंदी मूल पत्रों की स्थिति, हिंदी में टिप्पण (नोटिंग) की स्थिति, हिंदी डिक्टेशन, अधिकारी/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की स्थिति, हिंदी आशुलिपि/टाइपिंग का ज्ञान एवं आगामी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2017) के लिए कार्य-योजना जैसे मद्दों पर "पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन" के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया । तदपश्चात अध्यक्ष की अनुमति से माननीय सदस्यों के सुझाव के दौरान श्री एस. एन. सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-I महोदय ने सुझाव दिया कि हिंदी पुस्तकालय में मौजूद पुराने पत्रिकाओं को अस्पताल एवं रेलवे स्टेशनों के प्रतीक्षालयों में रखा जाना चाहिए, जिससे आम जनता इसका लाभ उठा सके।

अंत में, श्री सहदेव सिंह पूर्ति, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/पूर्वोत्तर सीमा रेल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

# राजभाषा संपर्क अधिकारियों की बैठक का आयोजन

राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने एवं कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्माण संगठन के विभिन्न विभागों में राजभाषा संपर्क अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। पिछली तिमाही में संपर्क अधिकारियों के मार्गदशन में संबंधित विभागों में राजभाषा की प्रगति उल्लेखनीय रहा है। इन अधिकारियों की प्रतिपुष्टि जानने के लिए राजभाषा विभाग प्रत्येक तिमाही इनके साथ बैठक आयोजित करता है। इसी क्रम में दिनांक 21.12.2017 को संपर्क अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी विभागों के नामित अधिकारी उपस्थित हुए । इसी बैठक में कर्मचारियों को 2 घंटे का एक टेबल ट्रेनिग भी दी गई ।

# वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/निर्माण को सेवानिवृत्ति पर भाव-भीनी विदाई



श्रीमती रंजु झा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर सीमा रेल लगभग 36 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद दिनांक 29.12.2017 को सेवानिवृत्ति हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण ने उन्हें भाव-भीनी विदाई दी। निर्माण संगठन में आपकी नियुक्ति राजभाषा अधिकारी/निर्माण के पद पर दिनांक 21.10.2009 को हुई। दिनांक 13.6.2012 को आपकी पदोन्नति वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर सीमा रेल के पद पर हुई । इससे पहले आप राजभाषा अधिकारी/रंगिया पूर्वोत्तर सीमा रेल के पद पर आसिन थे । आपके कार्यकाल में इस संगठन ने राजभाषा के क्षेत्र में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं । अब तक आपने संवाद पत्र के 44 अंकों को सहयोग प्रदान किया और इसे रोचक और पठनीय बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। आपके बहुमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन में इस पत्रिका ने उत्कृष्टता के नए मुकाम हासिल किए हैं, जिसके फलस्वरूप पाठकों के प्रशंसा-पत्र भी प्राप्त होते रहे हैं ।

आप, कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ तथा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे हैं और हमारे मनोबल तथा कार्यशैली को उन्नत करने के प्रेरणास्रोत रहे हैं। राजभाषा विभाग आपके सुखद सेवानिवृत्ति जीवन व पारिवारिक समृद्धि की कामना करता है ।



दिनांक 9.12.2017 को गौरीपुर से आलमगंज में सी.सी.आर.एस. निरीक्षण